# पाठ - 4. सत्ता के वैकल्पिक केंद्र

## अध्याय-समीक्षा

---

- संसार से दो धुर्वीय सता की मुक्ति के साथ ही दो संघो की स्थापना हुई, पहली यूरोपीय संघ व दूसरी दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्रों के संगठन आसियान की |इन दोनों की बढ़ती शक्ति को अमेरिकी वर्चस्व को चुनौती देने वाले वैकल्पिक केन्द्रों के रूप में देखा जा रहा है|
- यूरोपीय संघ का आर्थिक, राजनैतिक तथा सैनिक प्रभाव जबरदस्तरहा | 2005 में इसे विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में देखा गया |
- यूरीपीय संघ के दो देश फ्रासं तथा ब्रिटेन सूरक्ष परिषद में स्थाई सदस्य है तथा इनके पास बड़ी मात्रा में परमाणु हथियार हैं |
- अंतरिक्ष विज्ञान और संचार प्रौधोगिकी के मामले में यूरोपीय संघ का दुनिया में दूसरा स्थान है |
- आसियान के संस्थापको:- इंडोनेशिया,मलेशिया, फिलीपीस, सिगापुर तथा थाईलैंड ने 1967 में बैकाक घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किये |
- आसियान के आर्थिक समुदाय का प्रमुख उद्देश्य आसियान देशो को साझा बाजार तथा सामाजिक, आर्थिक विकाश के मदद करना है | इन देशों ने टकराव रहित और सहयोगात्मक मेल-मिलाप के उदाहरण पेश किये जिसे आसियान शैली कहा गया |
- विजन दस्तावेज 2020 में अन्तर्राष्ट्रीयसमुदाय में आसियान एक बर्हिर्मुखी भूमिका को प्रमुखता दी गई |
- चीन के शाक थरैपी के बजाय अपनी अर्थव्यवस्था को चरणबद्ध तरीके से शुरू क्या | 1978 में चीन ने आर्थिक सुधारों और खुले दवार की नीति की घोषणा की | SEZ(सेज) के निर्माण से विदेशी व्यापार की बढ़ोतरी हुई |
- भारत व चीन के बीच 1962 में अरूणाचल प्रदेश के कुछ इलाकों व अक्साइ-चिन क्षेत्रों को लेकर युद्ध हुआ | 1976 तक दोनों देशों के बीच कूटनीतिक सम्बन्ध समाप्त रहे |
- दिसम्बर 1988 में राजीव गांधी के चीनी दौरे के बाद से टकराव टालने के प्रया बढ़े |हाल के वर्षो में भारत-चीन ने अपने विवादों को अलग रखते हुए पारस्परिक आर्थिक और व्यापारिक सम्बन्धों को बढ़ाया है |
- जापान ने दुसरे विश्व युद्द के पश्चात बड़ी तेजी से प्रगति की| अर्थव्यवस्था की द्रिष्टि से विश्व की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है |

Q1. तिथि वेफ हिसाब से इन सबको क्रम दें -

(क) विश्व व्यापार संगठन में चीन का प्रवेश

(ख) यूरोपीय आर्थिक समुदाय की स्थापना

(ग) यूरोपीय संघ की स्थापना

(घ) आसियान क्षेत्रीय मंच की स्थापना

Q2. ASEAN way या आसियान शैली क्या है?

(क) आसियान वेफ सदस्य देशों की जीवन शैली है

(ख) आसियान सदस्यों के अनौपचारिक और सहयोगपूर्ण कामकाज की शैली को कहा जाता है।

(ग) आसियान सदस्यों की रक्षानीति है।

(घ) सभी आसियान सदस्य देशों को जोड़ने वाली सड़क है।

Q3. इनमें से किसने 'खुले द्वार' की नीति अपनाई?

(क) चीन (ख) यूरोपीय संघ (ग) जापान (घ) अमरीका

Q4. खाली स्थान भरें -

(क) 1992 में भारत और चीन के बीच .................. और ............... को लेकर सीमावर्ती लड़ाई हुई थी।

(ख) आसियान क्षेत्रीय मंच के कामों में ......................................... और ....................करना शामिल है।

(ग) चीन ने 1972 में ........................ के साथ दोतरफा संबंध् शुरू करके अपना एकांतवास समाप्त किया।

(घ) ........................ योजना के प्रभाव से 1948 में यूरोपीय आर्थिक सहयोग संगठन की स्थापना हुई।

(ड.) ........................ आसियान का एक स्तम्भ है जो इसके सदस्य देशों की सुरक्षा के मामले देखता है।

Q5. क्षेत्रीय संगठनों को बनाने वेफ उद्देश्य क्या हैं?

Q6. भौगोलिक निकटता का क्षेत्रीय संगठनों के गठन पर क्या असर होता है?

Q7. आसियान विजन-2020’ की मुख्य-मुख्य बातें क्या हैं?

Q8. आसियान समुदाय के मुख्य स्तंभों और उनके उद्देश्यों के बारे में बताएँ।

Q9. आज की चीनी अर्थव्यवस्था नियंत्रित अर्थव्यवव्था से किस तरह अलग है?

Q10. किस तरह यूरोपीय देशों ने युद्ध के बाद की अपनी परेशानियाँ सुलझाईं? संक्षेप में उन कदमों की चर्चा करें जिनसे होते हुए यूरोपीय संघ की स्थापना हुई।

Q11. यूरोपीय संघ को क्या चीजें एक प्रभावी क्षेत्रीय संगठन बनाती हैं।

Q12. चीन और भारत की उभरती अर्थव्यवस्थाओं में मौजूदा एकध्रुवीय विश्व व्यवस्था को चुनौती दे सकने की क्षमता है। क्या आप इस कथन से सहमत हैं? अपने तर्कों से अपने विचारों को पुष्ट करें।

Q13. मुल्कों की शांति और स्मृीदी क्षेत्रीय आर्थिक संगठनों को बनाने और मजबूत करने पर टिकी है। इस कथन की पुष्टि करें।

Q14. भारत और चीन के बीच विवाद के मामलों की पहचान करें और बताएँ कि वृहत्तर सहयोग के लिए इन्हें वैफसे निपटाया जा सकता है। अपने सुझाव भी दीजिए।

## एक अंकीय प्रश्न

---

Q1. विश्व राजनीति में दो धुर्वीयता समाप्त सोने के बाद उभरने वाले सता के दो केंद्र के ना बताएये?

उतर:- यूरोपीय संघ व आसियान

Q2. केस योजना के तहत 1948 में यूरोपीय आर्थिक सहयोग संगइन की स्थापना की गई

उतर : मार्शल योजना

Q3. यूपीयन इकॉनोमिक कम्युनिटी का गठन कब हुआ ?

उतर : 1957

Q4. यूरोपीय संघ की स्थापना कब हुई ?

उतर : 1992

Q5. यूरोपीय संघ की मुद्रा का नाम बताएये ?इसे कितने देशो ने अपनाया |

उतर : यूरो 12 देशों ने अपनाया |

Q6. किस देश ने खुले द्रारकी नीति को अपनाया किस वर्ष में |

उतर : चीन 1978

Q7. आसियान (ASEAN) का पूर्ण रूप लिखिए ?

उत्तर : दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्रों का संघठन

Q8. आसियान के संस्थापक दो देशो के नाम बताएं ?

उत्तर : इंडोनेशिया,मलेशिया |

Q9. भारत ने किन दो आसियान सदस्यों के साथ मुक्त-व्यापार समझौता किया ?

उत्तर : सिगापूर,थाईलैड |

Q10. यूरोपीय संघ के दो देशो के नाम बताए जो सुरक्षा परषिद के भी सदस्य है |

उत्तर : ब्रिटेन,फ्रासं

Q11. चीन विश्व व्यापार सगंठन का सदस्य कब बना था ?

उत्तर : 2001

## दो अंकीय प्रश्न

Q1. क्षेत्रीय संगठनों को बनाने के क्या उद्देश्य है?

उत्तर : अपने क्षेत्रों में एतिहासिक दुश्मनी व कमजोरियों का क्षेत्रीय स्तर पर समाधान दूढना | अप

क्षेत्रों में शंतिपूर्ण और सहकारी क्षेत्रीय व्यवस्था का विकास करना |

Q2. चीन की नई आर्थिक नीति के दो विपरीत प्रभाव बताइये ?

उत्तर : बेरोजगारी में व्रीदी | गांव और शहर के लोगो की आय में अंतर |

Q3. मार्शल योजना क्या थी ?

उत्तर : 1945 के बाद यूरोप के देशों में मेल-मिलाप को शीतयुद से मदद मिली | अमेरिका ने यूरोप की अर्थव्यवस्था ने पुनर्गठन के लिये मदद की जिसे मार्शल योजना के नाम से जाना गया |

Q4.SEZ से क्या अभिप्राय है ?

उत्तर : Special Economic Zone (sez) के निर्माण से विदेशी व्यापार में व्रीदी | चीन विश्व में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के लिये सबसे आकर्षक देश बन उभरा |

Q5. आसियान के दो उद्देश्य बताइये ?

उत्तर : (1) आर्थिक विकास तेज करना

(2) सामाजिक व सांस्कृतिक व प्रौधिगिक विकास आदि |

Q6. चीन ने विदेशी व्यापार में व्रद्री लाने के किए किन दो नीतियों को अपनाया ?

उत्तर : 1978 खुले द्वारा की नीति , SEZ नीति

Q7. यूरोपीय संघ के झंडे के विषय में संक्षिप्त विवरण दीजिए ?

उत्तर : सोने के रंग के सितारे का व्रीत जो यूरोपीय संघ की एकता को दर्शाता है | 12 सितारे वहाँ इस संख्या को पारंपरिक रूप से पूर्णता, समग्रता और एकता का प्रतीक मन जाता है |

Q8. आसियान के झण्डे के विषय में बताइये ?

उत्तर : आसियान के प्रतीक-चिन्ह में धान की दस बालियों दक्षिण-पूर्व एशिया के दस देशों को दर्शाती है |

## चार अंकीय प्रश्न

Q1. यूरोपीय संघ के चार उद्देश्य बताइये |

उतर : शांति स्थपित करने के उद्देश्य से सांझी सुरक्षा व विदेश नीति बनाना | व्यक्तियों वस्तुओं और पूंजी का आवागमन | यूरोपीय सदस्य देशो की क्रीषी और उधोग धंधो का विकास पयार्वरण सिधार |

Q2. क्षेत्रीय संगठनो पर भौगोलिक निकटता का क्या प्रभाव होता है ?

उतर : क्षेत्रीय संगठन मजबूत होता है ? समस्याएँ एक समान होती है |(दितीय विश्व युद्द व उपनिवेश का सामना) गरीबी राष्ट्र-निर्माण, आर्थिक पिछड़ापन |समस्याओ का मिलकर सामना करना |

Q3. आसियान विजन 2020 की मुख्य क्या बाते है ?वर्णन कीजिए |

उतर : अन्तराष्ट्रीय समुदाय में आसियान की ब्रहिमुखी भूमिका को महत्व देना | संवाद और परामर्श की नीति | एशियाई देशों के साथ व्यापार व निवेश पर ध्यान देना | क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा स्थापित करना |

Q4. भारत-चीन के मथ्य विवाद का वर्णन करें ?

उतर : सीमा विवाद :- चीन ने पाकिस्थान के साथ संधि करके कश्मीर के कुछ भाग पर अधिकार भारत के अरूणाचल प्रदेश पर चीन का दावा करना |1962 का भारत-चीन युद लद्दाख व अरूणाचल प्रदेश पर अपने दावे को जबरन स्थापित करना |1965 भारत -पाक युद में चीन ने पाकिस्थान की मदद की | चीन द्वारा भारत के परमाणु-परिक्षण का विरोध |

Q5. चित्र को ध्यानपूर्वक देखिए तथा निम्न प्रश्नों के उतर दीजिए ?

(क) विश्व में सबसे ज्यादा साइकिल चीन में इस्तेमाल की जाती है ?आपके विचार में यह क्या संदेश देता है ?

(ख) साइकिल के दो पहिए किस विचार धारा का प्रतिनिधित्व करते हैं |

उतर: (क) संदेश - आज विश्व मव निम्न कीमत को वस्तुएं चीन द्वारा पूंजीवादी देशों को निर्यात की जाती है |

(ख) दी पहिए- साम्यवाद और पूंजीवाद का प्रतिनिधित्व करते है | 978 में चीन ने खुले द्वार तथा SEZ की नीति अपनाई ?

Q6. अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय में आसियान के सशक्तिकरण के लिए क्या कदम उठाए जाने चाहिए ?

उतर: यूरोपीय संघ की तरह इनका अपना झंडा गान मुद्रा व स्थापना दिवस होना चाहिए अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए सकल घरेलू उत्पाद में वर्दी करना | व्यापार को बढ़ावा देना ? सुरक्षा और विदेश नीतियों में तालमेल स्थापित करना | यूरोपीय संघ की तरह UNO की गतिविधियों में भाग लेना |

**छ: अंकीय प्रश्न**

Q1. यूरोपीय संघ के आर्थिक क्षेत्र में क्या प्रभाव हुए ?

उतर : 2005 में इसका सकल घरेलू उत्पादन 12000 अरब डॉलर हो गया जो अमेरिका सी भी ज्यादा था | यूरो मुद्रा अमेरिका डॉलर के लिये खतरा | विश्व व्यापार संगठनों के अन्दर समूह के रूप में कार्य करना | अमरिका नीतिया भी इससे प्रभावित |

Q2. यूरोपीय संघ की सांझी विशेषताओ का वर्णन कीजिए ?

उतर : अपना एक झडा गान स्थापना दिवस और अपनी एक मुद्रा | समुद्द सैनिक क्षमता | टकराव रहित मेल मिलाप की सोच | दो राष्ट्रों का सुरक्षा परिषद् का स्थाई सदस्य होना |

Q3. चीनी अर्थव्यवस्था के उत्थान के लिए उतरदायी कारकों का वर्णन कीजिए |

उतर : खुले द्वारा की नीति शोकं थेरेपी की जगह चरणबद अर्थव्यवस्था 1982 में खेती का निजीकरण विशेष आर्थिक क्षेत्र की व्यवस्था निजी सम्पति को आशिक रूप से स्वीकारना |अर्थव्यवस्था समाजवाद से पूंजीवाद की और बढ़ती |

Q4. राजीव गांधी द्वारा 1988 में चीन यात्रा के पश्चात् भारत-चीन संबंधो को नई दिशा प्राप्त हुई है स्पष्ट कीजिए |

उतर : 1988 में भारत-चीन संबंध सुधारने का प्रयास वार्ता का तरीका अपनाया गया | सांस्कृतिक आदान-प्रदान विज्ञान और तकनीकी के क्षेत्र में परस्पर सहयोग व्यापार के लिए सीमा पर चार पोस्ट खोलने के लिए समझौते किये दोनों देशों ने उर्जा सौदा प्राप्त करने तथा विश्व व्यापार संगठन पर समान नीति अपनाई |